# बिहार सरकार
# बिहार तकनीकी सेवा आयोग
**19, हार्डिंग रोड, पटना।**

## विज्ञापन सं०–06/2023

## डेयरी फिल्ड ऑफिसर/डेयरी टेकनिकल ऑफिसर के पद पर नियमित नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

**1.** पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग (गव्य विकास), बिहार, पटना के अन्तर्गत डेयरी फिल्ड ऑफिसर/डेयरी टेकनिकल ऑफिसर के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–14244, दिनांक–16.08.2022 के द्वारा प्राप्त अधियाचना के आलोक में सुयोग्य उम्मीदवारों (जो भारत के नागरिक हों) से विहित प्रपत्र में आयोग के वेबसाईट **www.btsc.bih.nic.in** एवं **www.pariksha.nic.in** पर **दिनांक–03.05.2023 से 02.06.2023 तक** ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

अधियाची विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये रोस्टर के अनुसार डेयरी फिल्ड ऑफिसर/डेयरी टेकनिकल ऑफिसर हेतु पदों की कोटिवार विवरणी, वेतनमान एवं शैक्षणिक योग्यता निम्नलिखित रूप से हैः–

| पदनाम | वेतनमान | योग्यता |
|---|---|---|
| **डेयरी फिल्ड ऑफिसर/डेयरी टेकनिकल ऑफिसर** | **अपुनरीक्षित वेतनमान 5000–8000/– पुनरीक्षित वेतनमान–9,300–34,800/– ग्रेड पे–4200/– लेवल–6** | (i) **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यताः–** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से बी० टेक० (डेयरी टेक्नोलॉजी)/बी०एस०सी० (डेयरी टेक्नोलॉजी) /दो वर्षों के कार्यानुभव के साथ आई० डी० डी० (डी०टी०/डी०एच०) में उत्तीर्णता एवं एतद् संबंधी प्रमाण–पत्र रहना आवश्यक होगा। |

**नोटः–(i) अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के अन्तर्गत IDD (DT/DH) के साथ 02 (दो) वर्षों का अनुभव हेतु अनुभव प्रमाण–पत्र संबंधित (कृषि एवं डेयरी) क्षेत्र के किसी पद पर कार्यरत रहने पर संबंधित संस्थान/विभागों के नियंत्री पदाधिकारी द्वारा निर्गत होना अनिवार्य है। निदेशक, गव्य विकास निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–525, दिनांक–21.04.2023 से प्राप्त मंतव्य के अनुसार संस्थान से अभिप्रेत है कि संबंधित (कृषि एवं डेयरी) क्षेत्र के निजी/सार्वजनिक/अर्धसरकारी/सहकारी/सरकारी संस्थान। उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता की अर्हता से संबंधित है, इस हेतु अभ्यर्थी को कोई अंक देय नहीं होगा।**

**(ii) IDD (DT/DH) से तात्पर्य Indian Dairy Diploma in Dairy Technology एवं Indian Dairy Diploma in Dairy Husbandry जो देश के विभिन्न मान्यता प्राप्त संस्थानों से निर्गत हो।**

| विभाग का नाम | पदों की कोटिवार विवरणी। | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनारक्षित | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग | पिछड़े वर्गों की महिला | कुल | स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नतीनी के लिए | दिव्यांग हेतु |
| | 35% महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण | | | | | | | | | |
| पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग (गव्य विकास), बिहार, पटना। | 13 | 03 | 12 | 01 | 07 | 02 | 02 | 40 | 01 | HH-01 |
| | 04 | 01 | 01 | 00 | 02 | 01 | --- | 09 | | |

**नोट–(i) दिव्यांगता की प्रकृति इस प्रकार दर्शायी गयी हैः– VH- दृष्टि दिव्यांग, HH- मूक बधिर दिव्यांग, OH- चलन दिव्यांग, MH- मनोविकार/बहुदिव्यांग।**

**(ii) काउंसलिंग के पूर्व अधियाची विभागों से प्राप्त होने वाली अधियाचना को शामिल किया जा सकता है तथा संशोधन होने पर पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।**

**2. आयु सीमाः–** (i) 01.08.2022 को न्यूनतम आयुः– 21 वर्ष।

अधिकतम उम्र सीमाः–

(a) अनारक्षितः–37वर्ष

